जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

18 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

एटी एंड टी ग्लोबल नेटवर्क सर्विसेज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया में व्याख्यान दिया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रबंधन अध्ययन विभाग ने एटी एंड टी ग्लोबल नेटवर्क सर्विसेज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अरुण कर्ण का स्वागत किया, जिन्होंने "दि स्ट्रेटजी पैराडॉक्स एंड हाउ टू मिटिगेट इट" विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया । यह कार्यक्रम एमबीए ईएफबी द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें सभी विषयों के छात्र भाग ले सकते थे और इससे ही सभी उपस्थित लोगों के लिए एक समृद्ध मंच तैयार हुआ।

प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो पंकज कुमार गुप्ता के उद्घाटन भाषण के उपरांत श्रीमान कर्ण ने अपने व्याख्यान के दौरान छात्रों से रणनीतिक प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में विचार विमर्श किया । अपेक्षित अनिश्चितता के सिद्धांतों से लेकर रणनीतिक लचीलेपन तक के बारे में चर्चा करते हुए श्रीमान कर्ण ने इस बारे में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की कि किस प्रकार संगठन अनिश्चित परिस्थितियों में कामयाब हो सकते हैं। उनके द्वारा प्रमुख अंतर्दृष्टि में निम्न शामिल हैं: रणनीति पिरामिड – उद्देश्य को समझना, रणनीति और निष्पादन । रणनीति के चार स्तरों की पड़ताल : कॉर्पोरेट, व्यवसाय, कार्यात्मक और परिचालन। परिदृश्य नियोजन हेतु व्यावहारिक दृष्टिकोण और अनुकूलनीय, दूरगामी रणनीतियों के लिए वास्तविक विकल्पों का प्रबंधन करना।

डॉ. यास्मीन रिज़वी द्वारा विचारपूर्वक समन्वित यह कार्यक्रम मात्र कोई व्याख्यान नहीं था अपितु यह एक आकर्षक सत्र था जिसने उद्योग जगत की विशेषज्ञता और अकादमिक जगत को जोड़ा जिससे छात्र प्रेरित हुए एवं वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार हुए।

कार्यक्रम का समापन श्री अरुण कर्ण के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के साथ हुआ कि उनकी बहुमूल्य विशेषज्ञतापूर्ण व्याख्यान और मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को अत्यंत सुविधाजनक बना दिया । विभाग यह उम्मीद करता है कि छात्रों के ज्ञानवर्धन और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने वाले कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम भविष्य में आयोजित करेगा ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया